# हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था।

---

**Que 1: सूचना : 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' कविता की पंक्तियाँ पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।** ***Marks :(6)***

**मैंने हाथ बढ़ाया**
**मेरा हाथ पकड़कर वह खड़ा हुआ**
**मुझे वह नहीं जानता था**
**मेरे हाथ बढ़ाने को जानता था**
**हम दोनों साथ चले**

**1. 'हम दोनों साथ चले।' कौन-कौन? [1]**

**(क) कवि और नरेश सक्सेना।**
**(ख) कवि और हताश व्यक्ति।**
**(ग) नरेश सक्सेना और हताश व्यक्ति।**
**(घ) टिप्पणीकार और विनोदकुमार शुक्ल।**

**2. व्यक्ति को न जानने पर भी कवि ने उसकी मदद के लिए हाथ बढ़ाया। इससे हमें कौन-सा संदेश मिलता है? [2]**
**3. कविता की प्रासंगिकता पर टिप्पणी लिखें। [3]**

**Ans:** 1. कवि और हताश व्यक्ति।

2. आशय समझकर संदेश अपनी भाषा में लिखा है।

3. कवि और कविता का संक्षिप्त परिचय देते हुए कविता की प्रासंगिकता पर टिप्पणी लिखी है।

**Que 2: सूचना : 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' टिप्पणी का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।** ***Marks :(4)***

**'व्यक्ति को मैं नहीं जानता था, हताशा को जानता था।' कहते ही वे 'जानने' की हमारी उस जानी-पहचानी रूढ़ि को तोड़ देते हैं जो व्यक्ति के नाम, पते, उम्र, ओहदे या जाति से जानने को जोड़ती है। यदि हम किसी व्यक्ति को उसकी हताशा, निराशा या उसके संकट से नहीं जानते तो हम कुछ नहीं जानते।**

**1. 'जानने' की जानी-पहचानी रूढ़ि क्या है? [1]**

**2. लेखक के मत में किसी व्यक्ति को जानना माने क्या है? [3]**

**Ans:** 1.व्यक्ति को नाम, पते, उम्र, ओहदे या जाति से जानना।

2.आशय समझकर तर्क संगत उत्तर लिखा है।

**Que 3: सूचना : 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' टिप्पणी का यह अंष पढ़ें और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

**वास्तव में हम जानते हैं कि यह व्यक्ति मुसीबत में है और इसे हमारी मदद की ज़रूरत है। यह कविता मनुष्य को मनुष्य की तरह 'जानने' की याद दिलाती है।** ***Marks :(4)***

**1. इसे हमारी मदद की ज़रूरत है- 'इसे' में निहित सर्वनाम कौन-सा है? [1]**

**[कोई,यह,वह,वे]**

**2. मनुष्य को मनुष्य की तरह 'जानने' का मतलब क्या है? टिप्पणी लिखें। [3]**

**Ans:** 1. यह [1]

2. कथन का आशय समझकर सही विशषलेषण करके अपनी राय लिखी है। [3]

**Que 4: सूचना : 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।** ***Marks :(5)***

**हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था**

**व्यक्ति को मैं नहीं जानता था**

**हताशा को जानता था**

**इसलिए मैं उस व्यक्ति के पास गया**

**मैं ने हाथ बढ़ाया**

**1. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। [1]**

**(क) कवि और व्यक्ति एक दूसरे को जानते थे।**

**(ख) व्यक्ति कवि को जानते थे।**

**(ग) कवि व्यक्ति की हताशा को जानता था।**

**(घ) व्यक्ति कवि की हताशा को जानता था।**

**2. 'किसी की हताशा को जानना' इससे क्या मतलब है? [1]**

**3. कवि और कविता का संक्षिप्त परिचय देते हुए इस कविता का आशय लिखें। [3]**

**Ans:** 1. कवि व्यक्ति की हताशा को जानता था।

2. आशय समझकर उत्तर लिखा है।

3. कवि और कविता का संक्षिप्त परिचय देते हुए पंक्तियों का विश्लेषण करके पूर्ण रूप से आशय लिखा है।

**Que 5: सूचना : 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' कवितांश पढ़ें और नीचे दिये प्रश्नों के उत्तर लिखें।** ***Marks :(4)***

**हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था**
**व्यक्ति को मैं नहीं जानता था**
**हताशा को जानता था।**

**1. कविता के आधार पर सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। [1]**

**(क) व्यक्ति को जानने का मतलब है उसके नाम से जानना।**
**(ख) व्यक्ति को जानने का मतलब है उसकी हताशा को जानना।**
**(ग) व्यक्ति को जानने का मतलब है उसकी आर्थिक स्थिति को जानना।**
**(घ) व्यक्ति को जानने का मतलब है उसके ओहदे से जानना।**

**2. व्यक्ति को जानने के संबंध में कवि के मत पर टिप्पणी लिखें। [3]**

**Ans:**

1. व्यक्ति को जानने का मतलब है उसकी हताशा को जानना।
2. आशय समझकर अपनी भाषा में टिप्पणी लिखी है।

**Que 6: सूचना : 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' टिप्पणी पढ़ें और नीचे दिये प्रश्नों के उत्तर लिखें।** ***Marks :(7)***

**सड़क पर घायल पड़े अपरिचित व्यक्ति को देखकर क्या हम कह सकते हैं कि उसे हम नहीं जानते? वास्तव में हम जानते हैं कि यह व्यक्ति मुसीबत में हैं और इसे हमारी मदद की ज़रूरत है।**

**1. 'इसे हमारी मदद की ज़रूरत है।' - सड़क पर घायल पड़े व्यक्ति को हम क्या-क्या सहायताएँ कर सकते हैं? टिप्पणी लिखें। (टिप्पणी 60 शब्दों की हो) [3]**

**2.'सड़क पर घायल पड़े लोगों की जान बचाना मनुष्यता है।' यह संदेश देते हुए पोस्टर तैयार करें। [4]**

**Ans:** 1. प्रसंग का विश्लेषण करते हुए उचित भाषा में आशयों को क्रमबद्ध करके शीर्षक के साथ टिप्पणी लिखी है।

2. घायल पड़े लोगों की जान बचाने की आवश्यकता का संदेश देते हुए उचित रूप संविधान के साथ संक्षिप्तत वाक्यों में पोस्टर तैयार किया है।